जनपद- हमीरपुर

दिनांक 25.11.2026

थाना सिसोलर पुलिस की तत्परता से मेले में बिछड़ा 02 वर्षीय मासूम बच्चा सकुशल परिजनों से मिला।



आज दिनांक 25.11.2026 को थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर क्षेत्रान्तर्गत आयोजित श्री महाराज बाबा जी के भव्य मेले में लगभग 04 से 05 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच 02 वर्षीय मासूम बच्चा अमन अपने परिजनों से बिछड़ गया। बच्चा कम उम्र होने के कारण ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था।

मेले में ड्यूटी पर तैनात मेला चौकी प्रभारी उ0नि0 महफूज एवं महिला कांस्टेबल सुषमा (महिला थाना) द्वारा तत्परता एवं अथक प्रयास करते हुए बच्चे के परिजनों की तलाश की गई तथा बच्चे को सकुशल उसकी माता सोमवती पत्नी आदित्य एवं पिता आदित्य कुमार निवासी ग्राम टोला, थाना सिसोलर, जनपद हमीरपुर के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर माता-पिता के चेहरे पर खुशी की मुस्कान लौट आई। परिजनों द्वारा हमीरपुर पुलिस की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

हमीरपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है।